नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

| Question Booklet No. |
|---|
| |

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 14 + World Map

**SS-11-Pol.Sc.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2026

## राजनीति विज्ञान

## POLITICAL SCIENCE

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) प्रश्न क्रमांक 14 से 20 में आन्तरिक विकल्प हैं ।

There are internal choice in Question No. 14 to 20.

8) प्रश्न क्रमांक 20 मानचित कार्य से संबंधित हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।

Question No. 20 is related to map-work carrying 1 mark each.

## खण्ड – अ

## SECTION – A

बहुविकल्पीय प्रश्न : (i से xviii)

Multiple Choice Questions : (i to xviii)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए :
   Choose the correct option to answer the following questions and write in the Answer-Book :

   i) बोरिस येल्तसिन के नेतृत्व में सोवियत संघ के तीन बड़े गणराज्यों ने सोवियत संघ को कब भंग कर दिया ? [1]
   अ) 1989 ब) 1991 स) 1993 द) 1995
   When did the three major Republics of the Soviet Union, led by Boris Yeltsin, disband the Soviet Union ?
   A) 1989 B) 1991 C) 1993 D) 1995

   ii) निम्न में से कौन-सा बाल्टिक गणराज्यों का समूह है ? [1]
   अ) ऐस्टोनिया, यूक्रेन, जॉर्जिया ब) ऐस्टोनिया, लातविया, जॉर्जिया
   स) ऐस्टोनिया, लातविया, लिथुआनिया द) ऐस्टोनिया, यूक्रेन, लिथुआनिया
   Which of the following is a group of Baltic Republics ?
   A) Estonia, Ukraine, Georgia B) Estonia, Latvia, Georgia
   C) Estonia, Latvia, Lithuania D) Estonia, Ukraine, Lithuania

   iii) अमेरिका ने 'सामूहिक सुरक्षा' हेतु एक नई सरंचना की स्थापना की, जो है [1]
   अ) वारसॉ पैक्ट ब) आसियान
   स) नाटो द) यूरोपीय संघ
   America created a new 'collective security' structure is
   A) Warsaw Pact B) ASEAN
   C) NATO D) European Union

iv) 'दक्षेस' का पहला सम्मेलन कहाँ हुआ ? [1]

अ) नई दिल्ली ब) माले स) ढाका द) इस्लामाबाद

Where was the first 'SAARC' Summit held ?

A) New Delhi B) Male C) Dhaka D) Islamabad

v) वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र संघ का कौन-सा अंग स्थगित है ? [1]

अ) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय

ब) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद्

स) सचिवालय

द) न्यास परिसद्

Which organ of the United Nations is currently suspended ?

A) International Court of Justice

B) Economic and Social Council

C) Secretariat

D) Trusteeship Council

vi) जो युद्ध, प्राकृतिक आपदा अथवा राजनीतिक उत्पीड़न के कारण स्वदेश छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं, को कहते हैं [1]

अ) आप्रवासी ब) शरणार्थी

स) घुसपैठिया द) विस्थापित जन

Those who are forced to leave their country due to war, natural disaster or political persecution are called

A) Migrants B) Refugees

C) Infiltrators D) Displaced people

vii) 'मेक्डोनॉल्डीकरण' शब्द किस देश की ओर इंगित करता है ? **[1]**

अ) अमेरिका ब) रूस स) भारत द) पाकिस्तान

The word 'MacDonaldisation' refers to which Country ?

A) America B) Russia C) India D) Pakistan

viii) वैश्विक तापवृद्धि में निम्न में से किस गैस की भूमिका नहीं है ? **[1]**

अ) कार्बन डाईऑक्साइड ब) ऑक्सीजन

स) मीथेन द) हाइड्रो-फ्लोरो कार्बन

Which of the following gases does not play role in global warming ?

A) Carbon dioxide B) Oxygen

C) Methane D) Hydro-Fluoro Carbons

ix) 'राज्य पुनर्गठन आयोग' का गठन कब किया गया ? **[1]**

अ) 1953 ब) 1956 स) 1960 द) 1962

When was the 'States Reorganisation Commission' formed ?

A) 1953 B) 1956 C) 1960 D) 1962

x) 'भारतीय जन संघ' का गठन हुआ **[1]**

अ) 1948 ब) 1949 स) 1950 द) 1951

'Bhartiya Jana Sangha' was formed in

A) 1948 B) 1949 C) 1950 D) 1951

xi) 1944 में उद्योगपतियों के समूह ने नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने का एक संयुक्त प्रस्ताव तैयार किया था, वह है **[1]**

अ) दिल्ली प्लान ब) कलकत्ता प्लान

स) मद्रास प्लान द) बॉम्बे प्लान

In 1944, a group of industrialists prepared a joint proposal for running a planned economy, that is

A) Delhi plan B) Kolkata plan

C) Madras plan D) Bombay plan

xii) विकास के 'उदारवादी पूँजीवादी मॉडल' का समर्थक देश है [1]

अ) रूस ब) चीन स) अमेरिका द) उत्तरी कोरिया

The country supporting the 'liberal capitalist model' of development is

A) Russia B) China C) America D) North Korea

xiii) 1956 में ब्रिटेन ने 'स्वेज नहर' को लेकर किस देश पर आक्रमण किया ? [1]

अ) भारत ब) यूगोस्लाविया स) हंगरी द) मिस्र

Which country did Britain attack in 1956 over the 'Suez canal' ?

A) India B) Yugoslavia C) Hungary D) Egypt

xiv) 'गैर-काँग्रेसवाद' के रणनीतिकार थे [1]

अ) के. कामराज ब) सी. नटराजन अन्नादुरई

स) राम मनोहर लोहिया द) एस. निजलिंगप्पा

The strategist of 'Non-congressism' is

A) K. Kamaraj B) C. Natarajan Annadurai

C) Ram Manohar Lohia D) S. Nijalingappa

xv) 12 जून, 1975 को किस न्यायालय ने इन्दिरा गाँधी के निर्वाचन को असंवैधानिक घोषित किया ? [1]

अ) बॉम्बे उच्च न्यायालय ब) दिल्ली उच्च न्यायालय

स) इलाहाबाद उच्च न्यायालय द) गुवाहाटी उच्च न्यायालय

Which court declared the election of Indira Gandhi unconstitutional on 12 June, 1975 ?

A) Bombay High Court B) Delhi High Court

C) Allahabad High Court D) Guwahati High Court

xvi) 1965 से पूर्व भारत में किस राज्य के मुखिया का पदनाम प्रधानमंत्री था ? **[1]**

अ) जम्मू–कश्मीर ब) मेघालय

स) नागालैण्ड द) मिजोरम

Before 1965, the title of the head of which Indian State was Prime Minister ?

A) Jammu and Kashmir B) Meghalaya

C) Nagaland D) Mizoram

xvii) 1975 में सिक्किम भारत का कौन–सा राज्य बना ? **[1]**

अ) 18 वाँ ब) 20 वाँ

स) 22 वाँ द) 24 वाँ

Which State did Sikkim become in India in 1975 ?

A) 18th B) 20th

C) 22nd D) 24th

xviii) बहुजन समाज पार्टी ने 1989 व 1991 में किस राज्य में सरकार बनाई ? **[1]**

अ) मध्य प्रदेश ब) पंजाब

स) हिमाचल प्रदेश द) उत्तर प्रदेश

In which State did the Bahujan Samaj Party form the Government in 1989 and 1991 ?

A) Madhya Pradesh B) Punjab

C) Himachal Pradesh D) Uttar Pradesh

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : (i से vi)

Fill in the blanks : (i to vi)

i) 1949 में माओ के नेतृत्व में चीन में _________ क्रान्ति हुई । **[1]**

In 1949 _________ revolution took place in China under the leadership of Mao.

ii) रासायनिक हथियार सम्मेलन में हस्ताक्षर _________ में हुई । **[1]**

The chemical weapons convention was signed in _______.

iii) 'वर्ल्ड सोशल फोरम' की पहली बैठक सन् _________ में ब्राजील में आयोजित हुई । **[1]**

The first meeting of the 'World Social Forum' was held in Brazil in the year _________.

iv) स्वतन्त्रता के बाद अधिकांश रजवाड़ों ने भारत के साथ _________ का दस्तावेज हस्ताक्षर किये । **[1]**

After independence, most of the princely states signed the instrument of _________ to India.

v) गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का पहला सम्मेलन सन् _________ में हुआ । **[1]**

The first conference of the Non-aligned Movement was held in the year __________.

vi) मण्डल आयोग का अध्यक्ष _________ को बनाया गया । **[1]**

__________ was made the Chairman of the Mandal Commission.

**3.** अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न : (i से xii)

(निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या **एक** पंक्ति में दीजिये)

Very Short Answer Type Questions : (i to xii)

(Answer the following questions in **one** word or **one** line)

i) आसियान शैली क्या है ? संक्षेप में लिखिये । **[1]**

What is ASEAN way ? Write in brief.

ii) दक्षिण एशिया 'पद' में सम्मिलित किन्हीं चार देशों के नाम लिखिये । **[1]**

Write the names of any four countries included in the 'term' South Asia.

iii) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ? **[1]**

When was the United Nations organization established ?

iv) मानवाधिकारों को सामान्यत: कितनी कोटियों में विभाजित किया गया है ? **[1]**

Human rights are generally divided into how many categories ?

v) 'पृथ्वी सम्मेलन' में किन्होंने भाग लिया ? **[1]**

Who participated in the 'Earth Summit' ?

vi) वैश्वीकरण का अर्थ बताइये । **[1]**

What is the meaning of Globalization ?

vii) वैश्वीकरण के लिये कौन-से कारक उत्तरदायी हैं ? कोई दो कारक लिखिये । **[1]**

What factors are responsible for globalization ? Write any two factors.

viii) सन् 2000 में भारत में कौन-से तीन नये राज्य बने ? लिखिये । **[1]**

Which three new States were formed in India in the year 2000 ? Write.

ix) 1957 में केरल में किस दल की अगुवाई में एक गठबन्धन सरकार बनी ? **[1]**

In 1957 a coalition Government was formed in Kerala under the leadership of which party ?

x) 'शिमला समझौता' कब व किनके मध्य हुआ ? **[1]**

When was the 'Shimla Agreement' signed and between whom ?

xi) कर्पूरी ठाकुर किस राज्य के दो बार मुख्यमंत्री रहे थे ? **[1]**

Karpuri Thakur was the Chief Minister of which State twice ?

xii) इन्दिरा गाँधी को प्रधानमंत्री बनाने में 'सिंडिकेट' की महत्वपूर्ण भूमिका थी । इस 'सिंडिकेट' के किन्हीं दो नेताओं के नाम बताइये । **[1]**

The 'Syndicate' played a crucial role in making Indira Gandhi Prime Minister. Name any two leaders of this 'Syndicate'.

## खण्ड – ब

## SECTION – B

लघुत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर सीमा लगभग **50** शब्द)

Short Answer Type Questions : (Answer limit about **50** words)

**4.** सोवियत संघ के विघटन के कोई दो परिणामों को स्पष्ट कीजिये । **[1+1=2]**

Explain any two consequences of the disintegration of the Soviet Union.

**5.** भारत और सोवियत संघ के मध्य सांस्कृतिक सम्बन्धों को संक्षेप में लिखिये । **[2]**

Write briefly about the cultural relations between India and the Soviet Union.

**6.** आपके मतानुसार भारत एवं बांग्लादेश के मध्य विवाद के कौन–से मुद्दे हैं ? संक्षेप में लिखिये । **[2]**

According to your view, what are the issues of dispute between India and Bangladesh ? Write in brief.

**7.** आपके अनुसार भारत व नेपाल में मधुर सम्बन्ध है । अपने मत को संक्षेप में स्पष्ट कीजिये । **[2]**

According to you, India and Nepal have cordial relations. Briefly explain your opinion.

**8.** आपका मानना है कि सुरक्षा की अपारम्परिक धारणा में मानवता की सुरक्षा में आतंकवाद प्रमुख खतरा है । उदाहरण द्वारा संक्षेप में समझाइये । **[2]**

Do you believe that terrorism poses a major threat to human security under the non-traditional concept of security ? Explain briefly with examples.

**9.** 'वैश्वीकरण' के कारण वस्तुओं व पूँजी की तुलना में लोगों का प्रवाह कम हुआ । इसके कोई दो कारण बताइये । **[1+1=2]**

Due to 'Globalization', the flow of people is less in comparison to goods and capital. Give any two reasons for this.

**10.** हैदराबाद के भारत में विलय में कौन-सी समस्याएँ आयी ? संक्षेप में विवेचना कीजिये । **[2]**

What problems occured in the merger of Hyderabad with India ? Explain briefly.

**11.** मतपत्र अथवा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान करवाने में आप किसे श्रेष्ठ मानते हैं ? अपने उत्तर के पक्ष में दो कारण बताइये । **[1+1=2]**

Which do you consider better voting through ballot paper or electronic voting machine ? Give two reasons in support of your answer.

**12.** भारत व चीन के मध्य 1962 में हुए युद्ध के कोई दो कारण बताइये । **[1+1=2]**

Give any two reasons for the war between India and China in 1962.

**13.** 'दल-बदल' से आप क्या समझते हैं ? संक्षेप में लिखिये । **[2]**

What do you understand by 'Defection' ? Write briefly.

## खण्ड – स

## SECTION – C

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर सीमा लगभग **100** शब्द)
Long Answer Type Questions : (Answer limit about **100** words)

**14.** आपके मतानुसार यूरोपीय संघ ने एक विशाल राष्ट्र–राज्य की तरह काम किया है । अपने मत के पक्ष में तर्क दीजिये । **[3]**
In your opinion, the European Union has acted more as a Nation-State. Give arguments in support of your opinion.

**अथवा**/OR

आपके मतानुसार 'विजन दस्तावेज 2020' से आसियान की अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय में बहिर्मुखी भूमिका हो गई । अपने मत की विवेचना कीजिये ।
In your opinion, 'the Vision Document 2020' has given ASEAN an outward looking role in the International community. Explain your opinion.

**15.** विश्व के विभिन्न भागों में खनिज उद्योगों का विरोध करने के कोई तीन कारण बताइये । **[3]**
Give any three reasons for opposing to mineral industries in different parts of the world.

**अथवा**/OR

भारत में 'पावन वन प्रान्तर' की अवधारणा का विश्लेषण कीजिये ।
Analyse the concept of 'sacred groves' in India.

**16.** नियोजन में 'केरल मॉडल' का अभिप्राय स्पष्ट कीजिये । **[3]**
Explain the meaning of 'Kerala Model' in planning.

**अथवा**/OR

योजना आयोग को कार्य करते समय किन बातों का ध्यान रखना था ? स्पष्ट कीजिये ।
What things the planning commission have to keep in mind while working ? Explain.

**17.** गोवा की मुक्ति एवं भारत में राज्य बनने के घटनाक्रम की विवेचना कीजिये । **[3]**
Discuss the events leading to Goa's liberation and its becoming a State within India.

**अथवा**/OR

भारत में क्षेत्रीय आकांक्षा विविध रूपों में उभरती रही है, इससे भारतीय राजनीति को क्या सबक मिलते हैं ? कोई तीन की विवेचना कीजिये ।
Regional aspirations in India have emerged in various forms. What lessons do these offer for Indian Politics ? Discuss any three.

## खण्ड – द

## SECTION – D

निबन्धात्मक प्रश्न : (उत्तर सीमा लगभग **250** शब्द)

Essay Type Questions : (Answer limit about **250** words)

**18.** 1974 में हुए निम्न आन्दोलनों की विवेचना कीजिये । **[2+2=4]**

अ) गुजरात आन्दोलन

ब) बिहार आन्दोलन

Discuss the following Movement that took place in 1974.

A) Gujarat Movement

B) Bihar Movement

**अथवा**/OR

आपातकाल के बाद की राजनीति के निम्न बिन्दुओं की विवेचना कीजिये ।

अ) लोकसभा चुनाव 1977

ब) जनता पार्टी की सरकार का गठन

Discuss the following points of post-emergency politics.

A) Lok Sabha Elections 1977

B) Formation of Janata Party Government

**19.** '1989 के बाद महत्वपूर्ण मसलों पर अधिकतर दलों के बीच व्यापक सहमति है ।' इस कथन के आधार पर व्यापक सहमति के चार बिन्दु स्पष्ट कीजिये । **[4]**

'There is a broad consensus among most parties on key issues since 1989.' Based on this statement, explain four points of broad consensus.

**अथवा**/OR

नब्बे के दशक से गठबन्धन की राजनीति की विवेचना कीजिये ।

Discuss the coalition politics since 90s.

**20.** विश्व के राजनैतिक मानचित्र में निम्न देशों को अंकित कीजिये । **[1+1+1+1=4]**

1) श्रीलंका
2) दक्षिण कोरिया
3) स्पेन
4) बांग्लादेश

Mark the following countries on the political map of world.

1) Sri Lanka
2) South Korea
3) Spain
4) Bangladesh

**अथवा**/OR

विश्व के राजनैतिक मानचित्र में निम्न देशों को अंकित कीजिये ।

1) सऊदी अरब
2) रूस
3) जापान
4) चीन

Mark the following countries on the political map of world.

1) Saudi Arabia
2) Russia
3) Japan
4) China

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**SS-11-Pol. Sc.**

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2026

## राजनीति विज्ञान

## POLITICAL SCIENCE




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

DO NOT WRITE ANYTHING HERE